**FORM A**
**PUBLIC ANNOUNCEMENT**
(Under Regulation 6 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)
**FOR THE ATTENTION OF THE CREDITORS OF SUPER SHINE AGROFOODS PRIVATE LIMITED**

| Relevant Details | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of corporate debtor | Super Shine Agrofoods Private Limited |
| 2. | Date of incorporation of corporate debtor | 07.06.2011 |
| 3. | Authority under which corporate debtor is incorporated / registered | Registrar of Companies, Jaipur |
| 4. | Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of corporate debtor | U01122RJ2011PTC035433 |
| 5. | Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor | F-55-56 Agrofood Park, Matshya Industrial Area, Alwar, Rajasthan, India, 301030 |
| 6. | Insolvency commencement date in respect of corporate debtor | 13.08.2024 (Order was communicated to the IRP on 14.08.2024) |
| 7. | Estimated date of closure of insolvency resolution process | 09.02.2025 |
| 8. | Name and registration number of the insolvency professional acting as Interim Resolution Professional | Mr. Mohit Goyal<br>Regn. No. - IBBI/IPA-001/IP-P-02395/2021-2022/13636 |
| 9. | Address and e-mail of the Interim Resolution Professional, as registered with the Board | camohitgoyal@gmail.com<br>**Address:** 17, LGF, Defence Enclave, Vikas Marg, East Delhi, Delhi-110092 |
| 10. | Address and e-mail to be used for correspondence with the interim resolution professional | ipsupershine@gmail.com<br>**Address:** 17, LGF, Defence Enclave, Vikas Marg, East Delhi, Delhi-110092 |
| 11. | Last date for submission of claims | 28.08.2024 |
| 12. | Classes of creditors, if any, under clause (b) of sub-section (6A) of section 21, ascertained by the interim resolution professional | NA |
| 13. | Names of Insolvency Professionals identified to act as Authorised Representative of creditors in a class (Three names for each class) | NA |
| 14. | Relevant Forms and Details of Authorized Representatives (AR) are available at: | https://ibbi.gov.in/en/home/downloads |

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal has ordered the commencement of the corporate insolvency resolution process of the M/s **Super Shine Agrofoods Private Limited** on **13.08.2024**.

The creditors of M/s **Super Shine Agrofoods Private Limited**, are hereby called upon to submit their claims with proof on or before **28.08.2024** to the Interim Resolution Professional at the address mentioned against entry No. 10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with proof in person, by post or by electronic means.

Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties.

Sd/-

Date: 17.08.2024 **Mohit Goyal**

Place: Delhi IBBI/IPA-001/IP-P-02395/2021-2022/13636

# बच्चों ने किया शहादत को नमन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** किरण पथ मानसरोवर स्थित श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में संचालित निशुल्क मां भगवती उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति पूर्ण प्रस्तुतियों से सबका दिल जीत लिया। बच्चों ने क्रांतिकारियों और महापुरुषों के वेश में विद्यालय पहुंचे। बच्चों ने शारीरिक करतब भी दिखाए।



## वरिष्ठजनों ने राष्ट्रप्रथम के सन्देश के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सीनियर सिटीजन्स फोरम, एसएफएस, मानसरोवर, जयपुर में वरिष्ठजनों द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम मे फोरम की वरिष्ठ सदस्य 95 वर्षीय कृष्णा बिंदल ने ध्वजारोहण किया एवं आजादी से पूर्व के अपने अनुभवो को साझा किया



फोरम के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश भारद्वाज ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राष्ट्र प्रथम की भावना को सर्वोच्च स्थान देने का आह्वान किया और बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचारों की निंदा की। इस अवसर पर फोरम के सचिव केएम रामनानी, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार मेहरा, संयुक्त सचिव राम मोहन हल्दिया, ट्रेजरार ओपी गुप्ता, समाजसेवी अभिषेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जैन सोशल ग्रुप गोल्ड और कासा हाइट्स सोसायटी ने संयुक्त रूपर से मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर जैन सोशल ग्रुप जयपुर गोल्ड और कासा हाइट्स सोसायटी ने मिलकर स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया। गोल्ड के संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोधा और अध्यक्ष राजकुमार बेद ने बताया कि देशभक्ति के तराने योगेश गोधा ने सुनाए। ये देश है वीर जवानों का इस गीत पर सभी ने मिलकर नृत्य किया और अपनी देश प्रेम की भावनाएं उजागर की। कासा हाइट्स सोसायटी के सचिव नमन माहेश्वरी और कार्यक्रम संयोजक दिनेश गोधा के अनुसार कार्यक्रम में विधानसभा नगर, कालोनी के विभिन्न अपार्टमेंट्स में रहने वाले नागरिक और जैन सोशल ग्रुप गोल्ड के सदस्यों ने मिलकर झंडारोहण किया।




कार्यक्रम में सुरेंद्र रूपल पाटनी, भरत प्रतिभा जैन, सुनील अनीता जैन, हितेश अग्रवाल, भगत राणा, जीतेश निर्मल लुहाड़िया, योगेश सुमन गोधा, सरिता गोधा, रितिका चतुर्वेदी, नीलू गोधा, प्राची गोधा, अभिषेक बागायत वाले, मुकेश पापड़ीवाल, राजेश सोगानी, लक्ष्य जैन, विपिन मेनू बेद, मीत लुहाड़िया, सम्यक गोधा, मनीष, आयुष जैन, विक्रम जैन, अजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गोपाल सेवा भाव समिति के सदस्यों द्वारा इंदिरा गांधी नगर सेक्टर 5 में कपिल पचौरी के प्रतिष्ठान पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अशोक दुबे एवं मनीष शर्मा ने हिंदी के राष्ट्रीय कवि सुरेन्द्र शर्मा का स्वागत किया। सुरेंद्र शर्मा ने ध्वजारोहण कर, एक देश भक्ति पूर्ण रचना का गायन किया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम सिंह, पुनीत जैन, दीपक कराड़िया, श्रवण शर्मा, कोमल शर्मा, हितेश कुमार शर्मा, प्रिंस कुमार, आदि उपस्थित रहे।



## बालिकाओं को झंडा व मिठाई वितरित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त स्वयंसेवी संस्था, अखिल समाज सेवा दल के जयपुर में गुरुवार को 78 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार नायक को कई विद्यालय में अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विनोद कुमार नायक ने बालिकाओं को झंडा भेंट किया और मिठाई वितरित की।



## ज्ञात-अज्ञात वीरों-वीरांगनाओं को किया याद

**जयपुर।** लोहा मंडी स्थित उत्थान सेवा संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क अपनी बाल संस्कार पाठशाला में 78वें स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों ने सांकृतिक प्रस्तुतियां दीं। भारत की स्वतंत्रता के लिए बलिदान होने वाले ज्ञात-अज्ञात वीरों और वीरांगनाओं का स्मरण किया गया। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 356 झोपड़ी निवासियों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए। डॉ तरुणा गुप्ता ने पुस्तके और फल वितरित किए। सुल्तान सिंह कुमावत ने प्रसाद वितरित किया। अनिल कुमावत ने स्कूल बैग और नोटबुक भेंट की। कर्नल जगदीश चंद्र, मनु महाराज, रणवीर सिंह कुमावत, रामकरण, उत्थान सेवा संस्थान के सदस्य, बच्चों के अभिभावक और अनेक मातृशक्ति उपस्थित रही। संस्थान अध्यक्ष कैप्टन शीशराम चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

## श्री राजपूत सभा भवन में किया ध्वजारोहण



**जयपुर।** श्री राजपूत सभा, जयपुर की ओर से 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर श्री राजपूत सभा भवन, श्री राजपूत छात्रावास सिंधी कैम्प में, श्री राजपूत सभा एमजीडी गर्ल्स हॉस्टल तथा श्री राजपूत सभा, जगतपुरा छात्रावास में ध्वजारोहण किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों, समाज के गणमान्य व्यक्तियों, अतिथियों, छात्रावास के छात्र- छात्राओं ने राष्ट्र गान गाया। सभाध्यक्ष राम सिंह चंदलाई ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर श्री राजपूत सभा के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत, संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत, सह मंत्री मोहन सिंह, कोषाध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह, गजराज सिंह कैलाई सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बुजुर्गों ने फहराया पानीपेच पर तिरंगा

**जयपुर।** पानीपेच रोड व्यापार मंडल समिति के तत्वावधान में 78वां स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समिति के मीडिया प्रभारी मनीष केडिया ने बताया कि व्यापार मंडल के बुजुर्गों ने ध्वजारोहण किया। समिति अध्यक्ष विष्णु बियानी, महासचिव मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ताराचंद गोयल, मुरारी लाल अग्रवाल, ओम प्रकाश जिंदल, श्रवण कुमार अग्रवाल, रामचरण दुसाद सहित अन्य उपस्थित रहे।



## पुण्यतिथि पर 270 यूनिट रक्त एकत्र



जयपुर। स्वतंत्रता दिवस पर समाजसेवी इन्द्रपाल चौधरी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर मुरलीपुरा के आरके फर्नीचर पर रक्तदान शिविर एवं पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक जसवंत कुमार चौधरी ने बताया कि रक्तदान शिविर में 270 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता लालचंद कटारिया, आलोक बेनीवाल, सुरेश चौधरी, राजाराम मील, सीताराम अग्रवाल, विक्रम सिंह शेखावत, विष्णु प्रताप सिंह, मंजू शर्मा, सुशील पारीक एवं स्थानीय पार्षद मौजूद रहे। सभी ने रक्तदाताओं को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया।

## विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां




जयपुर। शहीद अशोक कुमार यादव रा.उ.मा.वि. गोपालपुरा देवरी (अंग्रेजी माध्यम) में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि राधेश्याम उपाध्याय ने ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए । विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य नानगराम सैनी, एसडीएमसी सदस्य अनुज व्यास, अशोक शर्मा, योग प्रशिक्षक बनवारी लाल गुर्जर उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अलका गर्ग ने आभार जताया।

## उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित



**जयपुर।** स्टेशन रोड स्थित खंडेलवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्री खंडेलवाल वैश्य हितकारिणी सभा की ओर से स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हरि मोहन डंगायच मुख्य अतिथि तथा गौरव कुमार गुप्ता विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्ष ज्ञानचंद खंडेलवाल ने बताया कि इस मौके पर खंडेलवाल समाज के प्रमुख लोगों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए खंडेलवाल गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्था के प्रधान मंत्री अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि खंडेलवाल समाज ने लगभग 100 साल पहले खंडेलवाल सेंट्रल स्कूल की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई है। 2025 में हितकारिणी सभा इस स्कूल का सेंटेनरी वर्ष का जश्न मनाएगी।



## शिक्षाविद मुकेश अग्निहोत्री उपखंड स्तरीय सम्मान से सम्मानित

**जयपुर।** पर्यावरण प्रेमी, शिक्षाविद एवं वरिष्ठ व्याख्याता मुकेश अग्निहोत्री को स्वतंत्रता दिवस पर आमेर में आयोजित उपखंड स्तरीय सम्मान समारोह में पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान एवं उत्कृष्ट कार्य करने पर उपखंड स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। अग्निहोत्री ने पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण को लेकर आमेर के राजकीय विद्यालयों में पौधा वितरण एवं पौधारोपण का कार्य कर रहे है। उपखंड अधिकारी आमेर बजरंग लाल स्वामी ने इनको सम्मानित किया।

## ध्वजारोहण कर दी देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियां




**जयपुर।** पानीपेच तिराहा स्थित बस्सी सीतारामपुरा के प्राचीन शिव हनुमान मंदिर में बाबा सत्यनारायण सैनी ने ध्वजारोहण किया। बृजेश कुमार नावरिया ने देश-भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

लीलाधर सैनी, डॉ. राधा मोहन सैनी, अक्षय सैनी, हेमन्त वर्मा, रामधन बुनकर, रामकरण कसाणा, छोटु प्रजापत, जगदीश यादव, विमल श्रीवास्तव, डॉ. प्रेमानन्द पंवार, संजीव गौड़, सुरेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र सैनी, जीतु सिंह, जगदीश सिंह धीरावत, मांगीलाल पहाडिया, लक्ष्मण सिंह, भुजली कंवर, हेमा पहाडिया, दयावंती देवी, पार्वती देवी एवं अन्य मौजूद रहे।

## देवालयों में देशभक्तिः
# गोविंद-शिव-हनुमान... सबने धारण किए तिरंगा परिधान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर देवालयों में प्रभु भक्ति के साथ देशभक्ति का रंग छाया रहा। ठाकुरजी को तिरंगा पोशाक धारण कराई गई। भक्तों को तिरंगा झंडे वितरित किए गए। श्री गोविंददेवजी में स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा झांकी सजाई गई। ठाकुरजी को तीन रंग की विशेष तिरंगा पोशाक धारण कराई गई। सुबह धूप झांकी में भक्तों को 2100 तिरंगा ध्वजा निशुल्क वितरित की गई। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी और मानसरोवर स्थित श्री वेदमाता वेदना निवारण केन्द्र में ध्वजारोहण किया गया। चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर मंदिर में भोलेनाथ का तिरंगा श्रृंगार आकर्षण का केद्र रहा। त्रिपोलिया बाजार के तंवर जी का नोहरा स्थित



शिव शक्ति हनुमान मंदिर में तिरंगा झांकी सजाई गई।

पं. तरुण भारती और दुर्गेश शर्मा ने भोलेनाथ का तिरंगा पोशाक और तीन रंग फूलों से मनोरम श्रृंगार किया। बड़ी संख्या में भक्तों ने झांकी के दर्शन किए। अंबावाड़ी के संकट मोचन हनुमान मंदिर में तिरंगा झांकी सजाई गई। अध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि सुबह मंदिर में ध्वजारोहण किया गया।

# शनि प्रदोष पर आज कई स्थानों पर होंगे पार्थिव शिवलिंगों का अभिषेक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सावन के शनि प्रदोष पर शनिवार को शिवालयों में अनेक धार्मिक आयोजन होंगे। श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का सहस्त्रघटाभिषेक करेंगे। सभी शिवालयों में शाम को आकर्षक झांकियां सजाई जाएंगी।कई जगह पार्थिव शिवलिंग का पूजन और अभिषेक किया जाएगा। इसी कड़ी में चांदनी चौक स्थित आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर में शनिवार को 108 पार्थिव शिवलिंग पूजा का आयोजन किया जाएगा।

आर्ष संस्कृति दिग्दर्शक ट्रस्ट एवं मोहनी देवी धार्मिक, सामाजिक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 8 बजे से सामूहिक पार्थिव पूजन और अभिषेक 108 जोड़ों द्वारा किया जाएगा। भक्त अपनी अपनी मनोकामना के लिए भोलेनाथ की पूजा-आराधना करेंगे। धर्म प्रचारक विजय शंकर पाण्डेय ने बताया डॉ प्रशान्त शर्मा के आचार्यत्व में 21 विद्वानों द्वारा भोलेनाथ का अभिषेक कराया जाएगा।

इस मौके पर भगवान भोलेनाथ की झांकी सजाई जाएगी। संत-महंतों के सानिध्य में महाआरती की जाएगी। श्री नाथ जन समिति के तत्वावधान में श्रावण शुक्ल पक्ष के शनि प्रदोष शनिवार, 17 अगस्त को मुरलीपुरा के शिवनगर प्रथम स्थित कुकड़ेश्वर महादेव मंदिर में पार्थिव शिवलिंग महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। आचार्य पं. श्रीराम शास्त्री के आचार्यत्व में 51 जोड़े भगवान आशुतोष का गंगाजल, पंचामृत, पंचगव्य सहित अन्य द्रव्यों महारुद्राभिषेक करेंगे।

मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और जयपुर नगर निगम चेयरमैन डॉ. मीनाक्षी शर्मा होंगी। कृष्ण कुमार शर्मा, हरीश शर्मा, श्रीकांत भातरा, सोमेश्वर मिश्रा, चंद्रशेखर स्वामी सहित अनेक लोगों ने शुक्रवार को आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

## राजस्थान पुलिस और आइडियाफोर्ज ने किया ड्रोन टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने प्रमुख ड्रोन टेक्नोलॉजी कंपनी, आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड के साथ साझेदारी में, 14 और 15 अगस्त को जयपुर की जनता कॉलोनी, पुलिस लाइन में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान, स्वतंत्रता दिवस मनाने के साथ उन उत्कृष्ट सेवाएं देने के एवज में राजस्थान पुलिस पायलट्स का सम्मान भी किया गया। विगत छह वर्षों में, इन समर्पित पायलट्स ने विभिन्न अभियानों में 50 से अधिक आइडियाफोर्ज ड्रोन्स का उपयोग किया।


**कार्यालय उप आवासन आयुक्त**
**राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर**
**आवश्यक सूचना**

आवास संख्या 2/209, एस.डब्ल्यू.बी. योजना, अलवर जो कि मूलतः श्रीमती विशन देवी नागपाल को आवंटन पत्रांक 6522 दिनांक 21.11.1987 के द्वारा आवंटित किया गया था। इनके बेचान उपरान्त मण्डल द्वारा आवास का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 1372 दिनांक 27.05.2005 को श्रीमती मधु गुप्ता पत्नि श्री सुरेश गुप्ता के पक्ष में जारी कर दिया गया। श्रीमती मधु गुप्ता द्वारा आवास की रजिस्ट्री स्वयं के नाम से दिनांक 30.05.2005 को उप पंजीयक कार्यालय अलवर में पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्रीमती मधु गुप्ता द्वारा उक्त आवास का बेचान जर्ये पंजीकृत बयनामा दिनांक 08.01.2018 को श्री जगदीश प्रसाद पुत्र स्व. श्री राधाकृष्ण को कर दिया गया। मण्डल द्वारा आवास का नाम लीज हस्तांतरण कार्यालय आदेश क्रमांक 466 दिनांक 19.07.2024 को श्री जगदीश प्रसाद पुत्र स्व. श्री. राधाकृष्ण के नाम जारी कर दिया गया। श्री जगदीश प्रसाद द्वारा उक्त आवास का बेचान जर्यें पंजीकृत बयनामा दिनांक 24.07.2024 को श्री विष्ण कुमार सोनी पुत्र रव. श्री श्यामलाल सोनी को कर दिया गया। श्री विष्ण कुमार सोनी द्वारा - अपने नाम लीज हस्तान्तरण हेतू आवश्यक प्रपत्र एवं शुल्क जमा करा आवेदन किया गया है।अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 2/209, एस.डब्ल्यू.बी. योजना, अलवर के सम्बन्ध में पिता, पुत्र, पुत्री, भाई, अन्य किसी रिश्तेदार व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति विशेष को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में, राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री विष्ण कुमार सोनी पुत्र स्व. श्री श्यामलाल सोनी के पक्ष में आवास का लीज हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**उप आवासन आयुक्त,** राजस्थान आवासन मण्डल वृत, अलवर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त**
**राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर**
**आवश्यक सूचना**

आवास संख्या 2/191, एस.डब्ल्यू.बी. योजना, अलवर जो कि मूलतः श्री महावीर प्रसाद को आवंटन पत्रांक 4195 दिनांक 30.12.1986 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा आवास का अदेय प्रमाणपत्र क्रमांक 5945 दिनांक 18.03.2002 को श्री महावीर प्रसाद के नाम जारी कर दिया गया था। श्री महावीर प्रसाद द्वारा आवास की रजिस्ट्री स्वयं के नाम से दिनांक 29.09.2002 को उप पंजीयक कार्यालय अलवर में पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्री महावीर प्रसाद की मृत्यु दिनांक 08.11.2012 को हो जाने के उपरांत मृतक के उत्तराधिकारी पुत्र श्री परसराम पारीक द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्रों एवं पंजिकृत रिलीजडीड (हकत्याग) के आधार पर उक्त आवास का मृत्यु उपरान्त नाम प्रतिस्थापन हस्तांतरण मण्डल कार्यालय आदेश क्रमांक 15 दिनांक 02.04.2024 को श्री परसराम पारीक पुत्र स्व. श्री महावीर प्रसाद के नाम जारी कर दिया गया। श्री परसराम पारीक द्वारा उक्त आवास का बेचान जर्ये पंजीकृत बयनामा दिनांक 15.04.2024 को श्री कृष्ण कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री तुलसीराम गुप्ता को कर दिया गया। श्री कृष्ण कुमार गुप्ता द्वारा उक्त आवास का गण्डल नियमानुसार लीज हस्तांतरण किये जाने हेतु दस्तावेज एवं शुल्क जमा कर आवेदन किया गया है। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या2/191, एस.डब्ल्यू.बी. योजना, अलवर के सम्बन्ध में पिता, पुत्र, पुत्री, भाई, अन्य किसी रिश्तेदार व्यक्ति विशेष या हितकारी का एंव आम व्यक्ति विशेष को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में, राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री कृष्ण कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री तुलसीराम गुप्ता के पक्ष में आवास क़ा लीज हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**उप आवासन आयुक्त,** राजस्थान आवासन मण्डल वृत, अलवर

**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**
कार्यालय मुख्य प्रबन्धक मत्स्यनगर आगार अलवर

**निविदा - सूचना**

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम केन्द्रीय बस स्टैण्ड मत्स्यनगर अलवर पर केन्टीन स्टाल, आईसक्रीम ठेली हेतु व सुलभ शौचालय लाईसेंस पर लेने हेतु निविदा आंमत्रित की जानी है। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निर्धारित राशि रूपये 200/– नकद जमा करवाकर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है। इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपने प्रस्ताव 28.08.2024 को 15.00 तक जमा करा सकते है। निविदा प्रस्ताव उसी दिन 15.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोलें जावेंगे। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निगम वेबसाईट **http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc** एवं SPPP पोर्टल **https://sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

**UBN No.: RTC2425SLOB00289**

राज.संवाद/सी/24/3870 विज्ञापन संख्या 104/2024-25 मुख्य प्रबन्धक

राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत अलवर**
सा.नि.वि., परिसर, अशोका टाकीज के पास, कचहरी रोड, अलवर
फोनः- 0144-2737038, E-mail:-sealw.pwd@rajasthan.gov.in

क्रमांक : 1435 दिनांक : 09.08.24

News Paper

**Short Term NIT No 03/2024-25**

Bids for Construction of Alwar-Jaipur Road to Silished Garwa Ji Road (RISK & COST) are invited from interested bidder from 10-08-2024 04:00 Pm upto 20-08-2024 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (Http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state and http://pwd.rajasthan.gov.in departmental website. The appro&imate value of the procurements is 410.89/- Lacs.

UBN No:
PWD2425WSOB04080

**E-Sign**
**Superintending Engineer**
**PWD Circle Alwar**

**DIPR/C/7323/2024**


**फॉर्म–ए**
**सार्वजनिक घोषणा**
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड
(कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन)
**सुपर शाइन एग्रोफूड्स प्राइवेट लिमिटेड के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ हेतु**

| प्रासंगिक विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट ऋणी का नाम | **सुपर शाइन एग्रोफूड्स प्राइवेट लिमिटेड** |
| 2. | कॉर्पोरेट ऋणी के गठन की तिथि | 07.06.2011 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट ऋणी गठित/पंजीकृत है | कंपनी रजिस्ट्रार, जयपुर |
| 4. | कॉर्पोरेट पहचान संख्या / कॉर्पोरेट देनदार की सीमित देयता पहचान सं. | U01122RJ2011PTC035433 |
| 5. | कॉर्पोरेट ऋणी के पंजीकरण कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | एफ-55-56 एग्रोफूड पार्क, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर, राजस्थान, भारत, 301030 |
| 6. | कॉर्पोरेट ऋणी के सम्बन्ध में दिवाला आरम्भ तिथि | 13.08.2024 (आईआरपी को आदेश 14.08.2024 को सूचित किया गया) |
| 7. | दिवालियापन संकल्प प्रक्रिया को बंद करने की अनुमानित तारीख | 09.02.2025 |
| 8. | अंतरिम समाधान पेशेवर का नाम, पता, ई-मेल पता और पंजीकरण क्रमांक | **श्री मोहित गोयल** **पंजीकरण सं.** IBBI/IPA-001/IP-P-02395/2021-2022/13636 |
| 9. | अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ईमेल पता जो समिति के पास पंजीकृत हो | camohitgoyal@gmail.com पताः 17, एलजीएफ, डिफेंस एन्क्लेव, विकास मार्ग, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली-110092 |
| 10. | अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाला पता और ई-मेल | ipsupershine@gmail.com पताः 17, एलजीएफ, डिफेंस एन्क्लेव, विकास मार्ग, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली-110092 |
| 11. | दावों के निवेदन की अंतिम तिथि | 28.08.2024 |
| 12. | धारा 21 के उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत लेनदारों की कक्षाएं, यदि कोई हों, अंतरिम संकल्प पेशेवर द्वारा निर्धारित | लागू नहीं |
| 13. | दिवालियापन पेशेवरों के नाम एक वर्ग में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने जाते हैं (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (क) प्रासंगिक फार्म और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है | https://ibbi.gov.in/en/home/downloads |

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, ने **31.07.2024** (आदेश की प्रति आईआरपी को **13.08.2024** को प्राप्त हुई) को **मैसर्स सुपर शाइन एग्रोफूड्स प्राइवेट लिमिटेड** के खिलाफ कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

**मैसर्स सुपर शाइन एग्रोफूड्स प्राइवेट लिमिटेड** के लेनदारों को **28.08.2024** को या उससे पहले अपने दावों का सबूत प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है, जो प्रविष्टि नं. 10 में उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर को देना हैं।

वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों से दावों का सबूत जमा करेंगे। अन्य लेनदारों समेत परिचालन लेनदारों को पोस्ट द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा या व्यक्तिगत रूप से दावों का सबूत जमा कर सकते हैं। दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने से जुर्माना आकर्षित होगा।

हस्ता/-
**मोहित गोयल**
**IBBI/IPA-001/IP-P-02395/2021-2022/13636**

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 17.08.2024**

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति देवली (टोंक-राज.)**

क्रमांक :–कृ.उ.म.स.दे./मण्डी निविदा/2024–25/710–17 दिनांक :– 14/08/2024

**खुली निविदा–सूचना सं. 01/2024–25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कृषि उपज मण्डी समिति, देवली एवं गौण मण्डी प्रांगण, जहाजपुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 (कार्यादेश दिनांक से 01 वर्ष तक) की निम्न सुविधा मदों हेतु (क्र.सं. 1 से 5) खुली द्विकर्मी बोली पद्धति के माध्यम से अनुभवी, सुस्थापित व पंजीकृत फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | मदो का नाम | अनुमानित राशि (लाखों में) | निविदा शुल्क राशि (रू. में) | निविदा प्रतिभूति राशि (रू. में ) | निविदा फार्म विक्रय करने की तिथि व समय | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जल वाहक व्यवस्था ठेका | 6.50 | 590/- | 13000 | 14.08.2024 को दोपहर 12.00 बजे से 27.08.2024 को दोपहर 02.00 बजे तक | 27.08.2024 को सांय 4.00 बजे तक | 28.08.2024 को दोपहर 12.00 बजे | DAM2425SLOB00655 |
| 2 | जलआपूर्तिठेका(टेंकरसप्लाई) | 4.00 | 590/- | 8000 | | | | DAM2425SLOB00656 |
| 3 | सफाईकर्मी उपलब्ध करवाने तथा एकत्रित कचरे को ट्रेक्टर–ट्राली/डम्पर से उठवाकर मण्डी प्रांगण से बाहर डालने के संयुक्त कार्य का ठेका। | 6.50 | 590/- | 13000 | | | | DAM2425SLOB00657 |
| 4 | मानव संसाधन विद्युत व्यवस्था मुख्य मण्डी व गौण मण्डी कार्य | 1.50 | 236 | 3000 | | | | DAM2425SLOB00658 |
| 5 | मानव संसाधन बागवानी कार्य | 1.50 | 236 | 3000 | | | | DAM2425SLOB00659 |

**NIB NO. :- DAM2425A0283**

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** व विभागीय पोर्टल **agriculture.rajasthan.gov.in/mandi/** पर भी देखा जा सकता है। सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। वेबसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड़ करने पर निविदा प्रपत्र का मूल्य दिनांक 27.08.2024 को सांय 04:00 बजे तक कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा एंव निविदा प्रतिभूति राशि के डी.डी./बैंकर्स चैक जो कि सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, देवली के नाम से देय हो निविदा के साथ निर्धारित दिनांक व समय तक कार्यालय में प्रस्तुत करवायी जानी अनिवार्य होगी, सलंग्न नही किये जाने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी।

प्रशासक सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, देवली (टोंक)

राज.संवाद/सी/24/3912